तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 26 मई 2024



13 बच्चे खेल-खेल में सीख रहे विविध गतिविधियां






14 दल्लीराजहरा के पास पहुंचा दंतैल, ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट






# सल्हाईटोला पहुंचा हाथी, झोपड़ी को पहुंचाया नुकसान, दहशत में गुजरी ग्रामीणों की रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत खलारी के सल्हाईटोला में शुक्रवार रात को दंतैल हाथी ने अशोककुमार पिता हुमनलाल निषाद के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद पीड़ित परिवार के सदस्यों ने दहशत में रात गुजारी।

मिली जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 12 बजे अशोक कुमार की माता ने खपरैल वाले मिट्टी के मकान में बांस बल्ली व कवेलू(खपरा) टूटने की आवाज सुनी। उन्होंने बच्चों को आवाज देकर जगाया। उन्होंने कहा कि लगता है कि बाहर में कोई जानवर तोड़फोड़ कर रहा है। इस पर चैनल गेट के समीप आकर देखा, तो हाथी घर के सामने खड़े बोलेरो वाहन को अपने सिर से खिसकाने का प्रयास कर रहा था। उसके बाद सभी लोग डरकर घर की छत पर चढ़ गए। परिवार के लोगों ने देखा कि हाथी मकान के किनारे की दीवार व ऊपर लगी बांस-बल्ली तथा कवेलू को तोड़ रहा है। बच्चों ने छत पर रखे पत्थर के टुकड़े को हाथी पर फेंका। सिर पर पत्थर लगने के बाद हाथी चिंघाड़ते हुए दूसरी ओर निकल गया। रात्रि में अशोक कुमार निषाद के परिजनों सहित सल्हाई टोला के ग्रामीणों ने दहशत में रतजगा किया।

अशोक कुमार ने बताया कि नये घर के सामने धान बोरियों में भरकर रखा था। रात्रि में हाथी जंगल से गांव की गली से होते हुए घर के समीप पहुंचा होगा, तो नए घर के सामने मुख्य द्वार के अंदर रखे धान की खुशबू से घर के सामने पहुंचा होगा। उन्होंने बताया कि घर के सामने पोर्च और चैनल गेट दूर होने से ताकत नहीं लगने पर समीप के मिट्टी के पुराने घर की बांस-बल्ली को खींचा होगा। उन्होंने कहा कि पत्थर फेंककर मारने पर हाथी चला गया, नहीं तो बड़ी अनहोनी घटना हो सकती थी।

**विकासखंड डौंडी क्षेत्र में मचाया उत्पात**

### खलारी में भी मकान को पहुंचाया नुकसान

सलहाईटोला के बाद हाथी रात्रि में लगभग 1 बजे ग्राम खलारी के बड़े पारा (बाजारपारा) पहुंचा। वहां कामता प्रसाद देशलहरे के मकान के कवेलु को तोड़ दिया। ग्राम की गली से गुजरते हुए वापस सलहाइटोला की ओर से तांदुला के उलट की नदी से होते हुए केबी में जाने की जानकारी मिली है। ग्राम खलारी के चारों पारा में ग्रामीण भयभीत नजर आ रहे हैं।



### वन विभाग की टीम ने रातभर रखी हाथी पर नजर

रोहित चौधरी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा ने बताया कि शुक्रवार की रात को हाथी ग्राम खलारी के सल्हाईटोला, बड़ेपारा होते हुए वापस सल्हाईटोला की ओर से तांदुला के उलट क्षेत्र को पार कर दल्लीराजहरा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 74 घोटिया, वन पंडेल क्षेत्र में है। उन्होंने बताया कि वन विभाग का अमला रातभर हाथी पर नजर रखते हुए गश्त कर रही थी।

## खबर संक्षेप

### तहसील साहू संघ गुरूर की बैठक आज

**गुरुर।** तहसील साहू संघ गुरूर कार्यकारिणी एवं न्याय प्रकोष्ठ की बैठक 26 मई को 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरूर) में रखी गई है। बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज का वार्षिक अधिवेशन 2 जून को



**बालोद।** ग्राम हीरापुर में छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज जिला बालोद का वार्षिक अधिवेशन 2 जून को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा बालोद जिले के तीनों विधायक भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को ग्राम हीरापुर में तहसील निषाद समाज बालोद की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेंद्र निषाद, उपाध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद संतोष निषाद उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से दुपहिया सवार घायल



**बालोद।** तेज रफ्तार चार पहिया वाहन कार ने स्कूटी सवार व्यक्ति को ठोकर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार की रात करीब 8 बजे शहर के गंजपारा में स्थित सुमित बाजार के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार सुपेला भिलाई दोपहिया चालक विकास चंद्रकर गंगा मैया मंदिर में दर्शन करके वापस घर लौट रहा था। इस दौरान सामने से कार चालक सतीश कुमार साहू ने तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उसके वाहन को ठोकर मार दी। कार में सतीश कुमार साहू और फॉरेस्ट कॉलोनी पानाबरस डिपो जुर्रीपारा निवासी कशिस परते दोनों सवार थे। हालांकि कार सवार दोनों युवक युवती को चोटें नहीं आई है। बताया जाता है कि घटना के बाद कार चालक सतीश साहू घायल विकास चंद्राकर को डरा धमकाकर अपना वाहन लेकर फरार हो गया और अपनी कार को पानाबरस डिपो में ही वन विभाग के कर्मचारी के घर छुपा दिया था। हालांकि पुलिस ने पानाबरस डिपो से कार को जब्त कर लिया है। वहीं, मामले में कार्रवाई करते हुए कार चालक सतीश के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया।

**कार्रवाई :** गंजपारा स्थित महादेव भवन के पीछे प्रशासनिक अधिकारियों ने की कार्रवाई

# अवैध प्लाटिंग पर चला नपा का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका क्षेत्र में नई कॉलोनी बसने से पहले ही अवैध प्लाटिंग में पालिका प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमाफिया शासकीय भूमि से लेकर कृषि भूमि पर अतिक्रमण करके अवैध प्लाटिंग कर कई टुकड़ों में लोगों को बेचने की खबर लगातार सामने आ रही है।

लगातार शिकायत सामने आने के बाद नगर पालिका प्रशासन के सीएमओ शौरभ शर्मा की मौजूदगी में मात्र एक जगह पर अवैध प्लाटिंग में बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार शहर के गंजपारा स्थित महादेव भवन के ठीक पीछे और बगल में भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से तीन से चार अलग अलग खसरा नंबर पर अवैध प्लाट काटकर लोगों को विक्रय करने की तैयारी कर रहे थे। इसकी सूचना पर सीएमओ सहित पालिका प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारी बुलडोजर के साथ उक्त स्थान पर पहुंचकर कार्रवाई की। पालिका प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद भूमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।



### दर्जनभर से ज्यादा अवैध प्लाटिंग, कार्रवाई केवल एक जगह


नगर पालिका प्रशासन द्वारा बरसों बाद किसी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई है। हालांकि, नगर पालिका प्रशासन की कार्रवाई मात्र एक जगह हुई है, जबकि नगर में दर्जन भर से अधिक ऐसे स्थान हैं, जहां अवैध प्लाटिंग की जा रही है। वहीं, बीते कुछ वर्षों में कम से कम तीन कॉलोनियां अवैध रूप से विकसित हो चुकी हैं। लेकिन, उन पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन के सीएमओ शौरभ शर्मा ने आगे भी इसी तरह से कार्रवाई करने की बात कही है।

### अन्य स्थानों पर भी की जाएगी कार्रवाई : सीएमओ

सीएमओ शौरभ शर्मा ने बताया कि महादेव भवन के पास अवैध प्लाटिंग की जानकारी मिली है। वहां नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बोर्ड लगा दिया गया है। जो भी वहां प्लॉट लेने पहुंचेंगे, तो वे सूचना बोर्ड देखकर अवैध प्लॉट को खरीदने से पहले नगर पालिका कार्यालय में जानकारी प्राप्त करेंगे। सीएमओ ने कहा कि शहर की 20 जगहों पर इसी तरह के बोर्ड लगाए जाएंगे, जहां पर भी अवैध प्लाटिंग हो रहा होगा, ताकि लोगों को सही जानकारी मिल सके।



# नौतपा के पहले दिन नहीं तपा सूरज, उमस ने बढ़ाई बेचैनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नौतपा के पहले दिन सूर्योदय नहीं तपा, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोगों को बेचैनी होने लगी। 25 मई यानी शनिवार से नौतपा लग गया है, यह 2 जून तक रहेगा।

अमूमन देखा जाता है कि हर साल नौतपा के 9 दिन सूर्यदेव अपना तीखा तेवर दिखाते हैं, लेकिन इस साल ऐसा नहीं दिखा। गर्मी के दिनों में मौसम लगातार बदल रहा और कभी भी मौसम में परिवर्तन हो जाता है, तो वहीं नौतपा के शुरुआती दिन सूर्यदेव और बादल के बीच लुका-छिपी का खेल चलता रहा। सूर्यदेव ने तो अपने तीखे तेवर नहीं दिखाए, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोग परेशान जरुर हुए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों तक इसी तरह से बादल छाए रहेंगे व हल्की बूंदाबांदी भी होने का पूर्वानुमान लगाया गया है।

**लोवोल्टेज और आए दिन फ्यूज उड़ने के कारण खराब हो रहे विद्युत उपकरण**

# ट्रांसफार्मर में ओवरलोड ने बढ़ाई नारागांव के ग्रामीणों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में रोजाना खराब मौसम के कारण विद्युत सप्लाई बाधित होने की जानकारी मिल रही है, लेकिन सामान्य मौसम में भी ग्राम नारागाँव के ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। इसके कारण विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश नजर आ रहा है।

ग्राम नारागाँव के ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई महीनों से ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली की सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण आए दिन बिजली आपूर्ति की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि इसकी जानकारी कई बार नजदीकी विद्युत सप्लाई केंद्र में दी गई, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया।

ग्रामीणों की मानें, तो गाँव में एक ट्रांसफार्मर नीचे पारा क्षेत्र में लगा हुआ है, जहाँ से लगभग 100 से ज्यादा घरेलू कनेक्शन के साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए लगभग 15 बोर के लिए सप्लाई दी गई है। इसके कारण ट्रांसफार्मर में ओवर लोड की समस्या देखने को मिल रही है और लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आए दिन फ्यूज उड़ने की समस्या बनी रहती है।

इस कारण अनेक घरों के टीवी, कूलर, फ्रिज जैसे बिजली के अनेक सामान खराब होने की शिकायत आ रही है। ग्रामीण टिकेश्वर साहू ने बताया कि एक ही ट्रांसफार्मर से किसानों के बोरवेल और घरेलू कनेक्शन देने के कारण लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण आए दिन बिजली गुल की समस्या बनी रहती है। इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि एक और अलग ट्रांसफार्मर लगाया जाए।



### विभाग को दी जा चुकी है जानकारी : सरपंच

सरपंच प्रतिमा मंडावी ने बताया कि नारागाँव के नीचे पारा क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या के साथ ही पॉवर कट की समस्या बनी हुई है। इस समस्या को दूर करने के लिए विद्युत विभाग करहीभदर को दो बार ग्रामीणों और पंचायत के माध्यम से लिखित शिकायत और ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की जा चुकी है।

# विद्यालय में पुस्तक का अपमान पन्ने फाड़कर बांटा नाश्ता

**अर्जुन्दा।** अंचल के एक शासकीय स्कूल में विद्या का अपमान करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि शासकीय स्कूल में वहाँ के प्रधान पाठक ने पुस्तक को फाड़कर उसके पन्नों पर छात्रों से नाश्ता बंटवाया। वहीं, मामले की जानकारी के बाद विभागीय अधिकारी जाँच कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

पूरा मामला अर्जुन्दा नगर से तीन किलोमीटर दूर ग्राम मटेवा स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल का है। जहां पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया गया था। जब समर कैम्प ख़त्म हुआ तो बच्चों के लिए नाश्ता मंगाया गया। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि प्रधान पाठक ने बच्चों को ऑफिस में रखी पुस्तक मंगाई और उसे फाड़ने के लिए कहा। बच्चों ने प्रधान पाठक के कहने पर पुस्तक को फाड़ा और उसके पन्नों पर नाश्ता ▶▶| शेष पेज 13 पर




# मोटर साइकिल व ऑटो में टक्कर पति-पत्नी घायल, बच्ची सुरक्षित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शुक्रवार को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे बालोद मार्ग पर चिल्हाटीकला व भरदा के बीच एक बाइक व ऑटो की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार पति-पत्नी व सात माह की बच्ची बाइक सहित मार्ग पर गिर गए, वहीं ऑटो भी पलट गया। बाइक सवार पति-पत्नी को गहरी चोट आई है, वहीं महिला ने अपनी सात माह की बच्ची को किसी तरह सुरक्षित बचा लिया। उसे खरोंच भी नहीं लगी। उधर, ऑटो में सवार एक पूरा परिवार बाल-बाल बचा, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार दंपति हितेश यादव 30 वर्ष और उसकी पत्नी रितु यादव 25 वर्ष व सात माह की बच्ची वेविता यादव मूलतः थाना गुंडरदेही क्षेत्र के ग्राम भरदा खुर्द के निवासी हैं। ये दंपती अपनी बच्ची के साथ सुबह अपने रिश्तेदार के घर ग्राम पाररास से ग्राम राणाखुज्जी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। इस बीच चिल्हाटीकला और भरदा के बीच अचानक एक अन्य ▶▶| शेष पेज 13 पर

- बालोद मार्ग पर चिल्हाटीकला व भरदा के बीच हुई दुर्घटना

### माँ ने बच्ची को आंच नहीं आने दी

सात माह की बच्ची वेविता को गोद में अपनी आँचल से तेज धूप व गर्म हवा से बचाते हुए मां रितु यादव अपने पति के साथ बाइक पर पीछे बैठकर ग्राम रानाखुज्जी जा रही थी। उसे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि मार्ग पर ऐसा कुछ हो जाएगा। परन्तु माँ आखिर माँ ही है। अचानक घटी दुर्घटना में भी उसने अपनी बच्ची को सीने से लगाए रखा और स्वयं चोटिल हो गई, पर बच्ची को खरोच भी नहीं आने दी। सूचना मिलने के बाद उनके परिजनों ने आकर बच्ची को संभाला व उन्हें इलाज के लिए राजनांदगांव मेडिकल कालेज ले गए।

**समर कैंप के समापन पर संयुक्त कलेक्टर ने बच्चों को किया प्रेरित**

# समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों से होता है व्यक्तित्व विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में बच्चों के लिए 20 से 24 मई तक आयोजित समर कैंप का समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल एवं संस्था की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी शामिल हुए।

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा किया गया था समर कैंप का आयोजन

संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल ने बच्चों को बताया कि साल भर पढ़ाई कर जब आप परीक्षा समाप्त करते हो, तो आपको गर्मियों की छुट्टियां दी जाती हैं, ताकि आप इन गर्मियों की छुट्टी में समर कैंप जैसे एक्टिविटीज में शामिल होकर अपने मन और बुद्धि को अगली क्लास में जाने से पहले रिफ्रेश कर सकें। ऐसे कैंप में अपने आपको निखारने और स्टेज पर बोलने का अच्छा अवसर मिलता है, जिससे आपके अंदर अच्छे व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने बच्चों को प्रतिज्ञा कराई कि मैं एक महान आत्मा हूं, इस भारत भूमि को भी बहुत ऊंचा उठाने के लिए मैं सदा तत्पर हूं, मैं अपने कर्तव्यों को सुचारू रूप से करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। समर कैंप के विभिन्न एक्टिविटीज में विजेता बच्चों को संयुक्त कलेक्टर एवं दीदी ने पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया।







### प्रतिदिन सुबह व रात को सोते समय करें प्रार्थना

बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि अपने संस्कारों को श्रेष्ठ बनाने के लिये सुबह उठकर भगवान की प्रार्थना करना, रात को सोते समय प्रार्थना करके सोना, अपने गुरूजनों का, बड़ो का सम्मान करना, ये सब श्रेष्ठ संस्कार हैं जो हमारे व्यक्तित्व को असाधारण बनातें हैं। कहा जाता हैं वीआईपी. (वैल्युस–इन–पर्सनॉलिटी) अर्थात हमारे आंतरिक व्यक्तित्व में मूल्यों का होना बहुत आवश्यक हैं तभी हमारा व्यक्तित्व प्रभावशाली बन सकता हैं।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

